राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखंड
30वीं बैठक - दिनांक : 23 सितम्बर, 2009 का कार्य बिंदु

कार्य बिंदु संख्या - 1

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने राज्य में उद्योग विभाग द्वारा लागू विशेष एकीकृत औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2008 का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियो तक पहुँचाने और औद्योगिक पैकेज के अंतर्गत हुई प्रगति की जानकारी देने हेतु निर्देशित किया तथा योजना लागू करने में आ रही कठिनईयों के निराकरण हेतु उपाय सुझाने को कहा।

(कार्रवाई - उद्योग विभाग/समस्त बैंक/ अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या - 2

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ अध्ययन कर नई योजनाए तैयार करने तथा उन योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने को निर्देशित किया।

(कार्रवाई - राज्य सरकार / अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या - 3

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने अग्रणी जिला प्रबंधकों को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर समस्त जिलों में ऋण-जमा अनुपात में वृद्धि लाने हेतु योजनाबद्ध एवं समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया तथा स्थाई समितियों द्वारा लिए गए महत्वाकाक्षी निर्णयों को अन्य जिलों में लागू करने को कहा।

(कार्रवाई - संबंधित विभाग, राज्य सरकार / अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या - 4

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अस्वीकृत प्रार्थना पत्रों में कमी, स्वीकृत प्रार्थना पत्रों के तुरंत ऋण वितरण एवं कार्य स्थापित करने पर जोर दिया तथा साहसिक खेल जैसे - स्कीइंग, रेफ्टिंग इत्यादि खेलों हेतु नई योजनाएं तैयार कर नवयुवकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने को कहा। साथ ही उन्होने उपलब्ध अनुदान राशि का उपयोग निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत करने पर जोर दिया।

(कार्रवाई - पर्यटन विभाग / समस्त बैंक/ अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या - 5

माननीय मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव से विभिन्न विभागों की सक्रियता बढ़ाने तथा सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋण योजनाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा।

(कार्रवाई - संबंधित विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 6

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने समाज कल्याण विभाग को लीक से हटकर नई योजनाएं तैयार करने को कहा जिससे प्रदेशवासी लाभान्वित हो सकें।

(कार्रवाई - समाज कल्याण विभाग/ समस्त अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु सख्या - 7

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने संबंधित राज्य सरकार विभागों को सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं में बैंकों को अधिक से अधिक आवेदन पत्र भेजने के विशेष प्रयास करने को कहा तथा महिलाओं के विकास हेतु विशेष योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

(कार्रवाई - संबंधित राज्य सरकार विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 8

माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने राज्य में जड़ी-बूटी की पैदावार बढ़ाने तथा उनके न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने तथा योजना का प्रचार-प्रसार करने हेतु कृषि एवं उद्यान विभाग को निर्देशित किया।

(कार्रवाई - संबंधित राज्य सरकार विभाग)

कार्य बिंदु सख्या - 9

मुख्य सचिव ने तीनों बैकर्स स्थाई समितियों जैसे कृषि, समाज एवं अवस्थापना विकास बैंकर्स स्थाई समितियों का आयोजन राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक से पूर्व सम्पन्न करने को निर्देशित किया।

(कार्रवाई - राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति / संबंधित विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 10

मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं का समय-समय पर मूल्यांकन करने तथा योजनाओं में कमियों को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया और बैंकों से आग्रह किया कि ऋण योजनाओं में वांछित सुधार हेतु अपने सुझाव संबंधित विभागों को प्रेषित करें।

(कार्रवाई - संबंधित विभाग / समस्त बैंक / अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या -11

अपर मुख्य सचिव ने सी.जी.ए़फ.टी.एस.आई. योजना के अंतर्गत बिना संपार्श्विक प्रतिभूति (Collateral Security) रुपये एक करोड़ तक के ऋण जारी करने पर जोर दिया।

(कार्रवाई - समस्त बैंक / उद्योग विभाग)

कार्य बिंदु संख्या - 12

अपर मुख्य सचिव ने कम बैक / बैंक रहित जिलों / ब्लाकों में नई शाखाएं खोलने हेतु विशेष बैठकों के आयोजन करने तथा शाखाएं खोलने पर जोर दिया।

(कार्रवाई - समस्त बैंक/ अग्रणी जिला प्रबंधक)

कार्य बिंदु संख्या -13

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखंड के आँकड़ों के मिलान हेतु सभी बैंकों तथा अग्रणी जिला प्रबंधकों से अनुरोध किया गया कि माह सितम्बर, 2009 के आँकड़ों का विवरण राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को दिनांक 15 अक्तूबर, 2009 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(कार्रवाई - समस्त बैंक / समस्त अग्रणी जिला प्रबंधक)

****